मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 03/04/2023

मुख्यमंत्री सचिवालय
प्रेस विज्ञप्ति -147/2023
3 अप्रैल 2023
जमशेदपुर
=================
 # मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन जमशेदपुर में दि टिनप्लेट कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड (TCIL) के विस्तार परियोजना के ग्राउंड ब्रेकिंग समारोह में शामिल हुए
 # टीसीआईएल के साथ-साथ उद्योग जगत के लिए महत्वपूर्ण कदम
 # वर्तमान में TCIL की क्षमता 4,15,000 टन प्रति वर्ष है। TCIL के विस्तारीकरण का यह पहला चरण, जिसमें लगभग 2000 करोड़ रुपए का निवेश होगा।विस्तारीकरण से वर्ष 2026 तक करीब 7, 15,000 टन प्रति वर्ष तक करने की योजना है।
================
 # टाटा समूह का योगदान राज्य और देश के लिए सराहनीय
 # अधिक से अधिक उद्योग लगे, सरकार का यही प्रयास
 # राज्य में उद्योग लगेंगे तो रोजगार सृजन होगा

श्री हेमन्त सोरेन, मुख्यमंत्री
=================
जमशेदपुर
जिस प्रकार आज दि टिनप्लेट कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड के विस्तारीकरण हेतु आधारशिला रखी गई है। मुझे उम्मीद है कि यह कार्य ससमय पूरा होगा, जिससे यहां के लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्राप्त होगा। सरकार की सोच हमेशा से रही है। राज्य में उद्योग लगेंगे तो रोजगार सृजन होगा। इसके लिए नीतियां बने ताकि अधिक से अधिक उद्योग लगे। सरकार बनने के बाद उद्योग नीति

बनी। इस क्रम में कई औद्योगिक घरानों का सहयोग प्राप्त हुआ। टाटा समूह के लोग भी उद्योग नीति की लॉन्चिंग के दौरान उपस्थित थे। इसका बेहतर परिणाम देखने को मिला है। उद्योग नीति का ही प्रतिफल है कि आज टीसीआइएल के विस्तारीकरण हेतु भूमि पूजन किया गया। इससे पूर्व भी बोकारो में सीमेंट फैक्ट्री का विस्तारीकरण हुआ था और वहां से उत्पादन भी शुरू हो चुका है। उपरोक्त बातें मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कही। श्री सोरेन टीसीआईएल के विस्तारीकरण परियोजना के भूमि पूजन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।

टाटा समूह का योगदान सराहनीय

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस देश और राज्य के विकास में टाटा समूह की बड़ी भूमिका रही है। सरकार का प्रयास है औद्योगिक घरानों से सम्बंध और मजबूत हो। इसके लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। टाटा कैंसर हॉस्पिटल का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। जल्द यह राज्य की जनता को समर्पित होगा। पर्यटन उद्योग को भी बढ़ावा देने के लिए कई कदम सरकार मजबूती के साथ बढ़ाई है। झारखण्ड का पर्यटन कैसे आगे बढ़े इसके लिए भी कई कार्य किए जा रहे हैं।

इस अवसर पर मंत्री श्री चंपाई सोरेन, मंत्री श्री बन्ना गुप्ता, विधायक श्री सरयू राय, विधायक श्री रामदास सोरेन, विधायक श्रीमती सबिता महतो, विधायक श्री समीर मोहंती, विधायक श्री मंगल कालिंदी, विधायक श्री संजीव सरदार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्रीमती वंदना डाडेल, मुख्यमंत्री के सचिव श्री विनय कुमार चौबे, उपायुक्त जमशेदपुर श्रीमती विजया जाधव, वरीय

पुलिस अधीक्षक श्री प्रभात कुमार, मैनेजिंग डायरेक्टर -सह- मुख्य कार्य पदाधिकारी टी भी नरेंद्रन,चीफ कॉरपोरेट सर्विसेज श्री चाणक्य चौधरी, एमडी टीसीआईएल श्री आर एन मूर्ति एवं अन्य उपस्थित थे।

###

=============

#Team PRD (CMO)